घर आया मेरा नंदलाला श्यामसुंदर मुरली वाला

घर आया मेरा नंदलाला, श्यामसुंदर मुरली वाला.....

मीठी तान सुनाएगा,
गोवर्धन को उठाएगा,
राधा डालेगी वर माला,
श्यामसुंदर मुरली वाला,
घर आया मेरा नंदलाला........

मोहन रास रचाएगा,
मन मन में मुसकएगा,
मगन रहेगी ब्रजबाला,
श्यामसुंदर मुरली वाला,
घर आया मेरा नंदलाला........

जेलों में अवतार लिया,
पल में कंस को मार दिया,
पग पग पर तेरा उजियारा,
श्यामसुंदर मुरली वाला,
घर आया मेरा नंदलाला........

श्याम मेरे मन के मोती हैं,
इन नैनो की ज्योति हैं,
आन बसो मेरे नंदलाला,
श्यामसुंदर मुरली वाला,
घर आया मेरा नंदलाला........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31959/title/ghar-aaya-mera-nandlala-shyam-sundar-murli-wala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |